J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:11.05.2022**

# HINDUSTAN

## वाईएमसी में स्थानीय उद्योगों की समस्याओं पर शोध होगा

फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने स्थानीय उद्योगों को उनकी वास्तविक समस्याओं पर शोध कार्य करने के लिए सहयोग की पेशकश की है। अकादमिक व औद्योगिक जुड़ाव की दिशा में अहम कदम उठाते हुए ये मौका दिया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर ने विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ मॉब को संबोधित किया।

मौके पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन प्लेसमेंट, एलुमनाई और कॉर्पोरेट अफेयर्स प्रो विक्रम सिंह, डीन (आरएंडडी) प्रो. राजेश आहूजा, निदेशक एलुमनाई अफेयर्स डॉ संजीव गोयल, पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष सुखदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुसंधान को लेकर एक ऐसा पारिस्थितिक तंत्र विकसित करना चाहता है जहां शिक्षाविद, शोधकर्ता और औद्योगिक व्यवसायी अनुसंधान और विकास परियोजनाओं पर एक साथ काम कर सकें। इसलिए प्रतिष्ठित उद्यमियों से विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्यक्रम से जुड़ने और उद्योगो से संबंधित अनुसंधान परियोजनाओं के लिए इंडस्ट्री फैलोशिप देने की योजना बनाई है। विश्वविद्यालय ऐसी शोध परियोजनाओं के लिए पीएचडी सीटों का विशेष प्रावधान करेगा।